# कार्यालय निदेशक नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान लखनऊ

पत्रांक 329 /स्थापना दिवस (कैम्प)/जू दिनांकः 01 नवम्बर, 2021

सेवा में,

प्रिंसिपल/मैनेजर
समस्त विद्यालय
उत्तर प्रदेश।

**विषय– नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान लखनऊ के स्थापना दिवस का शताब्दी समारोह (दिनांक 29 नवम्बर, 2021) का आयोजन।**

प्रिय महोदय/महोदया

अपार हर्ष के साथ अवगत कराना है कि नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ अपनी स्थापना के 100 वर्ष दिनांक 29 नवम्बर, 2021 को पूर्ण कर रहा है। इस अवसर पर प्राणि उद्यान शताब्दी समारोह का आयोजन प्रस्तावित है। शताब्दी समारोह के अवसर पर प्राणि उद्यान प्रशासन द्वारा विद्यालयों के छात्र/छात्राओं हेतु वन्यजीव एवं पर्यावरण पर आधारित विभिन्न प्रकार के आयोजन/स्पर्धाएं आयोजित की जा रहीं हैं (स्पर्धाओं की सूची संलग्न है)। इन प्रतियोगिताओं/स्पर्धाओं का उद्देश्य प्रतिभागियों में पर्यावरण, वन एंव वन्यजीवों के सम्बंध में जानकारी प्राप्त कराना तथा उनके प्रति अभिरूचि एवं जागरूकता उत्पन्न करना है। इस अवसर पर दिनांक 16–26 नवम्बर, 2021 तक प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले प्रतिभागी छात्र/छात्राओं एवं संबंधित शिक्षकों का प्रवेश निःशुल्क रहेगा।

**अतः आप अपने विद्यालय से प्रतिभाग करने हेतु चयनित छात्र/छात्राओं की सूची प्रतियोगितावार दिनांक 10–11–2021 तक प्रेषित करने का कष्ट करें।**

आभार सहित।

भवदीय,

(राजेन्द्र कुमार सिंह I.F.S.)
निदेशक,
न0वा0अ0शा0प्राणि उद्यान लखनऊ

## शताब्दी समारोह के अवसर पर आयोजित होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं का विवरण

| दिनांक | दिन | समय | कार्यक्रम | ग्रुप |
|---|---|---|---|---|
| 16.11.21 | मंगलवार | 11.00 बजे | वन्य जीव एवं पर्यावरण पर आधारित वाइल्ड लाईफ फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता | (अ) कक्षा 1 से 5<br>(ब) कक्षा 6 से 8<br>(स) कक्षा 9 से 12 |
| 17.11.21 | बुधवार | 11.00 से<br>12.00 बजे | वन्य जीव एवं पर्यावरण पर आधारित वाइल्ड लाईफ क्विज प्रतियोगिता | (अ) कक्षा 6 से 8<br>(ब) कक्षा 9 से 12 |
| 18.11.21 | गुरूवार | 11.00 से<br>12.00 बजे | वन्य जीव एवं पर्यावरण पर आधारित टैटू प्रतियोगिता | (अ) कक्षा 6 से 8<br>(ब) कक्षा 9 से 12 |
| 19.11.21 | शुक्रवार | 11.00 से<br>12.00 बजे | वन्य जीव एवं पर्यावरण पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता | |
| 20.11.21 | शनिवार | 11.00 से<br>12.00 बजे | वन्य जीव एवं पर्यावरण पर आधारित स्लोगन प्रतियोगिता<br>विषय– सृष्टि के अस्तित्व के लिए वन्यजीवों का महत्व। | (अ) कक्षा 6 से 8<br>(ब) कक्षा 9 से 12 |
| 21.11.21 | रविवार | 11.00 से<br>12.00 बजे | वन्य जीव एवं पर्यावरण पर आधारित फेस पेंटिंग प्रतियोगिता | (अ) कक्षा 1 से 5<br>(ब) कक्षा 6 से 8<br>(स) कक्षा 9 से 12 |
| 22.11.21 | सोमवार | 11.00 से<br>12.00 बजे | वन्य जीव एवं पर्यावरण पर आधारित काव्य/पोइम (हिन्दी/अंग्रेजी) प्रतियोगिता | (अ) कक्षा 6 से 8<br>(ब) कक्षा 9 से 12 |
| 23.11.21 | मंगलवार | 11.00 से<br>12.00 बजे | वन्य जीव एवं पर्यावरण पर आधारित रंगोली प्रतियोगिता<br>विषय– प्राणि उद्यान का शताब्दी वर्ष | (अ) कक्षा 6 से 8<br>(ब) कक्षा 9 से 12 |
| 24.11.21 | बुधवार | 11.00 से<br>12.00 बजे | वन्य जीव एवं पर्यावरण पर आधारित निबन्ध प्रतियोगिता<br>विषय– वन्यजीव संरक्षण में प्राणि उद्यान की भूमिका। | (अ) कक्षा–6 से 8<br>(ब) कक्षा–9 से 12 |
| 25.11.21 | गुरूवार | 11.00 से<br>12.00 बजे | प्राणि उद्यान के लिए ड्रॉइंग एवं पेन्टिंग प्रतियोगिता प्रतियोगिता<br>विषय– लखनऊ प्राणि उद्यान के 100 वर्ष। | (अ) कक्षा 1 से 5<br>(ब) कक्षा 6 से 8<br>(स) कक्षा 9 से 12 |
| 26.11.21 | शुक्रवार | 11.00 से<br>12.00 बजे | वन्य जीव एवं पर्यावरण पर आधारित वाद–विवाद प्रतियोगिता<br>विषय– वन एवं वन्यजीव हमारे अस्तित्व के लिए आवश्यक हैं? | (अ) कक्षा 6 से 8<br>(ब) कक्षा 9 से 12 |

**नोट– समस्त कार्यक्रम प्राणि उद्यान परिसर में आयोजित किये जायेंगे।**

**दिनांक 16 नवम्बर से 26 नवम्बर, 2021 (शताब्दी वर्ष) के विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु नियम–**

**1– वन्य जीव एवं पर्यावरण पर आधारित वाइल्ड लाईफ फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता –समय पूर्वाहन 11:00 से 12:00 बजे तक**

**दिनांक 16.11.2021** को यह प्रतियोगिता वन्य जीवों एवं पर्यावरण से सम्बन्धित फैन्सी ड्रेस_पर आधारित होगी। जिसमें प्रतिभागियों को वन्यजीव एंव पर्यावरण से संबधित ड्रेस पहन कर आना होगा। ड्रेस का प्रबंध प्रतिभागियों को स्वयं करना होगा। यह प्रतियोगिता तीन वर्गो में आयोजित की जायेगी–

(अ) कक्षा 1 से 5
(ब) कक्षा 6 से 8
(स) कक्षा 9 से 12

**2– वन्य जीव एवं पर्यावरण पर आधारित क्विज प्रतियोगिता –समय पूर्वाह्न 11:00 से 12:00 बजे तक**

**दिनांक 17.11.2021** को यह प्रतियोगिता वन्य जीवों एवं पर्यावरण से सम्बन्धित सामान्य ज्ञान पर आधारित होगी। प्रतियोगी को वन्य जीवों एवं पर्यावरण विषयक जानकारी होना चाहिए। लखनऊ प्राणि उद्यान के वन्य जीवों से सम्बन्धित आवश्यक जानकारी भी प्रतिभागियों को होनी चाहिए। यह प्रतियोगिता डकपाण्ड विजिटर शेड में आयोजित की जायेगी। यह प्रतियोगिता दो वर्गो में आयोजित की जायेगी–

(अ) कक्षा 6 से 8
(ब) कक्षा 9 से 12

**3– वन्य जीव एवं पर्यावरण पर आधारित टैटू प्रतियोगिता –समय पूर्वाह्न 11:00 से 012:00 बजे तक**

**दिनांक 18.11.2021** को वन्य जीवों एवं पर्यावरण पर आधारित टैटू प्रतियोगिता विद्यार्थियों हेतु लखनऊ प्राणि उद्यान परिसर में आयोजित की जायेगी। यह प्रतियोगिता निम्न वर्गो में आयोजित की जायेगी। प्रतिभागियों को टैटू बनाने हेतु पार्टनर की व्यवस्था स्वयं करनी होगी। छात्र कंधे से हथेली तक कहीं भी टैटू बना सकते हैं, अन्यत्र कहीं मान्य नहीं होगा। समस्त प्रतिभागियों को टैटू प्रतियोगिता हेतु सामग्री स्वयं लानी होगी।

(अ) कक्षा–6 से 8 तक
(ब) कक्षा–9 से 12 तक

**4– वन्य जीव एवं पर्यावरण पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता – समय पूर्वान्ह 11:00 बजे से 12:00 बजे**

**दिनांक 19.1.2021** को यह कार्यक्रम वन्य जीवों एवं पर्यावरण से सम्बन्धित सामान्य ज्ञान पर आधारित होगी। यह कार्यक्रम लखनऊ प्राणि उद्यान परिसर में आयोजित किया जायेगा। **एक विद्यालय अधिकतम एक टीम नामित कर सकता है तथा एक टीम में अधिकतम 10 सदस्य होंगे।**

**05–वन्य जीव संरक्षण पर आधारित स्लोगन प्रतियोगिता– समय पूर्वाह्न 11:00 से 12:00 बजे तक**

**दिनांक 20.11.2021** को वन्य जीव संरक्षण पर आधारित स्लोगन प्रतियोगिता लखनऊ प्राणि उद्यान परिसर में आयोजित की जायेगी। इस प्रतियोगिता हेतु ड्राइंग पेपर प्राणि उद्यान प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा तथा कलर्स प्रतिभागियों को स्वयं लाना होगा। यह प्रतियोगिता निम्न वर्गो में आयोजित की जायेगी।

**विषय–**

(अ) कक्षा–6 से 8 तक
(ब) कक्षा–9 से 12 तक

**6–वन्य जीव संरक्षण पर आधारित फेस पेंटिंग प्रतियोगिता– समय पूर्वाह्न 11:00 से 12:00 बजे तक**

**दिनांक 21.11.2021** को वन्य जीव एवं पर्यावरण संरक्षण पर आधारित फेस पेंटिंग प्रतियोगिता लखनऊ प्राणि उद्यान परिसर में आयोजित की जायेगी। इस प्रतियोगिता हेतु चेहरे पर उपयोग किये जाने वाले रंग(Colours) प्रतिभागियों को स्वयं लाना होगा। प्रतिभागी विद्यार्थियों के अध्यापकों को यह सुनिश्चित करना होगा कि कलर्स प्रतिभागियों के लिये नुकसानदेह न हों। यह प्रतियोगिता निम्न वर्गो में आयोजित की जायेगी।

(अ) कक्षा–1 से 5 तक
(ब) कक्षा–6 से 8 तक
(स) कक्षा–9 से 12 तक

**07– वन्य जीव एवं पर्यावरण पर आधारित कविता प्रतियोगिता – पूर्वाह्न 11:00 से 12:00 बजे तक**

**दिनांक 22.11.2021** को वन्य जीव एवं पर्यावरण पर आधारित कविता प्रतियोगिता लखनऊ प्राणि उद्यान परिसर में आयोजित की जायेगी। प्रतियोगिता हेतु पेपर प्राणि उद्यान प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा। यह प्रतियोगिता निम्न वर्गो में आयोजित की जायेगी।

(अ) कक्षा–6 से 8 तक
(ब) कक्षा–9 से 12 तक

**08–वन्य जीव संरक्षण पर आधारित रंगोली प्रतियोगिता– समय पूर्वान्ह् 11:00 से 12:00 बजे तक**

**दिनांक 23.11.2021** को वन्य जीव संरक्षण पर आधारित रंगोली प्रतियोगिता लखनऊ प्राणि उद्यान परिसर में आयोजित की जायेगी। रंगोली बनाने हेतु सामग्री विद्यार्थियों को स्वयं लानी होगी। रंगोली का माप 2x2 से अधिक नहीं होना चाहिए। **प्रत्येक वर्ग में एक ग्रुप में 02 प्रतिभागी ही प्रतिभाग कर सकते हैं।**

यह प्रतियोगिता निम्न वर्गो में आयोजित की जायेगी।

(अ) कक्षा–6 से 8 तक
(ब) कक्षा–9 से 12 तक

**09– वन्य जीव एवं पर्यावरण पर आधारित निबंध प्रतियोगिता –समय पूर्वान्ह् 11:00 से 12:00 बजे तक**

**दिनांक 24.11.2021** को वन्य जीव एवं पर्यावरण पर आधारित निबंध प्रतियोगिता लखनऊ प्राणि उद्यान परिसर में आयोजित की जायेगी। प्रतियोगिता हेतु पेपर प्राणि उद्यान प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा।यह प्रतियोगिता निम्न वर्गो में आयोजित की जायेगी।

**विषय– वन्यजीव संरक्षण में प्राणि उद्यान की भूमिका**

| ग्रुप | शब्द |
|---|---|
| (अ) कक्षा–6 से 8 तक | 150 |
| (ब) कक्षा–9 से 12 तक | 225 |

**10– वन्य जीव एवं पर्यावरण पर आधारित ड्राइंग एंव पेंटिंग प्रतियोगिता –समय पूर्वाह्न 11:00 से 12:00 बजे तक**

**दिनांक 25.11.2021** को वन्य जीव एवं पर्यावरण पर आधारित प्राणि उद्यान हेतु ड्राइंग एंव पेंटिंग प्रतियोगिता लखनऊ प्राणि उद्यान परिसर में आयोजित की जायेगी। इस प्रतियोगिता हेतु ड्राइंग पेपर प्राणि उद्यान प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा तथा अन्य सामग्री प्रतिभागियों को स्वयं लानी होगी। यह प्रतियोगिता निम्न वर्गो में आयोजित की जायेगी।

(अ) कक्षा–1 से 5 तक
(ब) कक्षा–6 से 8 तक
(स) कक्षा–9 से 12 तक

**11– वन्य जीव एवं पर्यावरण पर आधारित वाद–विवाद प्रतियोगिता –समय पूर्वाह्न 11:00 से 12:00 बजे तक**

**दिनांक 26.11.2021** को वन्य जीव एवं पर्यावरण पर आधारित वाद–विवाद प्रतियोगिता लखनऊ प्राणि उद्यान परिसर में आयोजित की जायेगी। यह प्रतियोगिता निम्न वर्गो में आयोजित की जायेगी।

**विषय–** वन एवं वन्यजीव हमारे अस्तित्व के लिए आवश्यक हैं?

(अ) कक्षा–6 से 8 तक

(ब) कक्षा–9 से 12 तक

**प्रतियोगिताओं हेतु अन्य नियम–**

- समस्त प्रतियोगिताएं कार्यक्रम सूची में उल्लिखित निर्धारित तिथि एवं समय पर आयोजित की जायेगी। अतः प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु निर्धारित तिथि को निर्धारित समय से आधा घन्टा पूर्व अवश्य उपस्थित हो जायें।
- प्रत्येक स्कूल/कालेज प्रत्येक वर्ग में अधिकतम 5 प्रतिभागी भेज सकते हैं। नुक्कड नाटक में प्रत्येक विद्यालय से 01 टीम स्वीकार्य होगी। एक टीम में अधिकतम 10 प्रतिभागी स्वीकार्य होंगे। निर्णायक मण्डल का निर्णय निर्विवाद एवं अन्तिम होगा।
- विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले प्रतिभागियों की सूची दिनांक 10.11.2021 को सांय 05.00 बजे तक निदेशक, लखनऊ प्राणि उद्यान कार्यालय में पहुँच जानी चाहिये।
- प्रत्येक प्रतियोगिता के प्रत्येक वर्ग हेतु अधिकतम 4 पुरस्कार होंगे। आवश्यकता पड़ने पर अन्य पुरस्कार निदेशक, लखनऊ प्राणि उद्यान के विवेक से निर्धारित किये जा सकते हैं।
- कार्यक्रम, नियम (यदि आवश्यक समझा जाये) में परिवर्तन करने का अधिकार निदेशक, लखनऊ प्राणि उद्यान के पास सुरक्षित रहेगा।
- वन्य प्राणि सप्ताह के कार्यक्रमों सम्बन्धित जानकारी प्राणि उद्यान के दूरभाष संख्या 0522–2239588, एजूकेशन ऑफीसर अभिषेक दुबे से 8005493607 पर एवं वेबसाइट
- www.lucknowzoo.com पर प्राप्त की जा सकती है। व्यक्तिगत रूप से भी जानकारी निदेशक, लखनऊ प्राणि उद्यान कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
- प्रतियोगिता में भाग लेने वाले समस्त प्रतिभागियों को अपने विद्यालय की यूनीफार्म में आना होगा तथा विद्यालय का पहचान पत्र अवश्य लाना होगा।

**(राजेन्द्र कुमार सिंह I.F.S.)**
निदेशक,
नवाब वाजिद अली शाह
प्राणि उद्यान लखनऊ